सं०सं०–16/एम.1–92/2025

**बिहार सरकार**

**स्वास्थ्य विभाग**

प्रेषक,

**उपेन्द्र राम,**

सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

**प्रभारी पदाधिकारी,**

वित्त(वै0दा0नि0को0)विभाग,ऐनेक्सी ब्लॉक 3, भूतल,

पुराना सचिवालय, पटना–800015

**पटना, दिनांक–**

**विषयः–सिवान जिला में कार्यरत नवनियुक्त आयुष फिजिशियन (आयुर्वेद) के द्वारा सिविल सर्जन कार्यालय में पदस्थापन की प्रतीक्षा में बितायी गयी अवधि का विनियमन के संबंध** में।

**प्रसंगः– वित्त(वै0दा0नि0को0)विभाग का पत्रांक PCFC/MED/RACS/2024/0640/2088(25) dated 27-12-2024**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि विज्ञापन संख्या 05/2020 के आलोक में बिहार तकनीकी सेवा आयोग से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में स्वास्थ्य विभागीय अधिसूचना संख्या–302(आ.चि.), दिनांक–14.03.2024 द्वारा आयुष फिजिशियन (आयुर्वेद) को पूर्णतः औपबंधिक रूप से नियुक्त करते हुए 15 दिनों का चिकित्सीय प्रशिक्षण/जानकारी लेने हेतु विभिन्न जिलों में पदस्थापित किया गया।

आदर्श आचार संहिता के प्रभावी रहने तथा भारत निर्वाचन आयोग से सहमति नहीं मिलने के कारण तदुपरांत आदर्श आचार संहिता के समापन के उपरांत स्वास्थ्य विभागीय अधिसूचना सं0–747(आ.चि.), दिनांक–19.07.2024 द्वारा आयुष फिजिशियन (आयुर्वेद) को विभिन्न चिकित्सीय संस्थानों यथा अनुमंडलीय अस्पताल/सदर अस्पताल में पदस्थापित किया गया, जिसके आलोक में सभी आयुष फिजिशियन (आयुर्वेद) योगदान देकर कार्यरत हैं। इस प्रकार सभी आयुष फिजिशियन (आयुर्वेद) सिविल सर्जन कार्यालय में अनिवार्य पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहे, जिसमें उनका कोई दोष नहीं है।

13/08/25

D:\Sunil ji\viniyaman\Letter siwan.docx

Scanned with OKEN Scanner

विभागीय पत्रांक 1397(आ0चि0) दिनांक 20.12.2024 द्वारा नवनियुक्त चिकित्सकों के पदस्थापन की अनिवार्य प्रतीक्षा में बितायी गयी अवधि को कतिपय शर्तों के साथ विनियमन किया जा चुका है। वित्त(वै0दा0नि0को0)विभाग के प्रासंगिक पत्र के आलोक में जिन चिकित्सा पदाधिकारियों द्वारा विनियमन की शर्तें पूरी कर ली गयी हैं उनका समेकित विनियमन सूचना अवधि सहित निम्नवत है:–

| क्र0 सं0 | पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | वर्तमान पदस्थापन स्थल | अवधि जिला विनियमन किया जाना है | अवकाश उपभोग की सूचना | यदि वेतन पुर्जा निर्गत हो गया हो तो वेतन पूर्जा संख्या | यदि वेतन पूजा निर्गत नहीं हुआ हो तो PRAN/ GPF संख्या | सेवा विनियमन के प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डा० दुर्गा प्रसाद पाण्डेय, आयुष फिजिशियन (आयुर्वेद) | सदर अस्पताल, सिवान | दिनांक 19.03.2024 से 21.07.2024 तक कुल–125 दिन | – | 31122425059220 | – | पदस्थापन की प्रतीक्षा में |
| 2 | डा० संतोष कुमार वर्मा, आयुष फिजिशियन (आयुर्वेद) | सदर अस्पताल, सिवान | दिनांक 20.03.2024 से 22.07.2024 तक कुल–125 दिन | – | 31122425059219 | – | पदस्थापन की प्रतीक्षा में |
| 3 | डा० रितेश कुमार, आयुष फिजिशियन (आयुर्वेद) | अनुमण्डलीय अस्पताल, महाराजगंज, सिवान | दिनांक 16.03.2024 से 22.07.2024 तक कुल–129 दिन | – | 13112425055587 | – | पदस्थापन की प्रतीक्षा में |

उक्त अवधि में उनकी कोटि का वेतन देय होगा।

प्रस्ताव में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति एवं सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह०/–
सरकार के अवर सचिव

**ज्ञापांक–16/एम.1–92/2025–** 1261 (आ० चि०) **पटना, दिनांक–** 13.8.2025

**प्रतिलिपि:**–महालेखाकार, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि:–**सिविल सर्जन, सिवान/सभी संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सिवान/उपाधीक्षक, सदर अस्पताल एवं अनुमंडलीय अस्पताल, सिवान/कोषागार पदाधिकारी/ संबंधित आयुष फिजिशियन (आयुर्वेद) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/08/25

सरकार के अवर सचिव

D:\Sunil ji\viniyaman\Letter siwan.docx

Scanned with OKEN Scanner